पिता की बायोपिक में काम करना चाहती हैं दीपिका

बॉलीवुड की डिंपल गर्ल दीपिका पादुकोण अपने पिता और पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण की बायोपिक में काम करना चाहती है। बॉलीवुड में इन दिनों खिलाड़ियों के जीवन पर फिल्म बनाने का चलन जोरों पर है। मिल्खा सिंह से लेकर बॉक्सर मैरी कॉम और अब बैडमिंटन खिलाड़ी सायना नेहवाल पर भी एक बायोपिक बनने जा रही है। दीपिका की बैडमिंटन में काफी दिलचस्पी रही है और वे अपने एथलेटिक फिगर के लिए भी जानी जाती है। उनके पिता प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन के वरिष्ठ खिलाड़ी रहे हैं। दीपिका इन दिनों फिल्म छपाक में काम कर रही हैं। फिल्म में दीपिका एसिड अटैक सर्वाइवर का किरदार निभाती नजर आएंगी। दीपिका से जब बायोपिक फिल्म में काम करने के बारे में पूछा गया वह कौन सी ऐसी बायोपिक है जिसे वे बनते देखना चाहेंगी। इस पर दीपिका ने अपने पिता प्रकाश पादुकोण का नाम लिया। दीपिका ने कहा कि मैं जेंडर का मुद्दा समझ सकती हूं, लेकिन यदि मुझे कोई स्पोर्ट्स खिलाड़ी का किरदार निभाने का मौका मिले तो मैं अपने पिता या उस दौर के ही किसी खिलाड़ी की बायोपिक में काम करना चाहूंगी, क्योंकि उन लोगों ने विषम परिस्थितियों, फंड्स की कमी, कम सुविधाओं में जैसा प्रदर्शन किया है, वो बेहद काबिले-तारीफ है। मुझे अपने पिता के दौर के खिलाड़ी काफी इंस्पायर करते हैं।'

रवीना टंडन के बाद डायना बनेंगी शहर की लड़की!

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

बॉलीवुड अभिनेत्री डायना पेंटी आने वाली फिल्म खानदानी-शफाखाना में सुपरहिट डांस नंबर शहर की लड़की को रिक्रिएट करती नजर आएंगी। इस फिल्म के मेकर्स वर्ष 1996 में प्रदर्शित फिल्म रक्षक के हिट गाने शहर की लड़की...को दोबारा बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं। फिल्म खानदानी शफाखाना से बॉलीवुड रैपर बादशाह अपना एक्टिंग डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म में बादशाह एक पंजाबी सिंगर की भूमिका में नजर आने वाले हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म में एक्टिंग के अलावा बादशाह अपना म्यूजिक भी देने वाले हैं। फिल्म के वर्ष 1996 में प्रदर्शित फिल्म रक्षक के हिट गाने शहर की लड़की को दोबारा बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं। सुनील शेट्टी और रवीना के इस गाने के रीमेक में बादशाह और डायना पेंटी होंगी। डायना को खास इस गाने के लिए चुना गया है। ओरिजिनल गाने के उलट ये रीमेक सॉन्ग मॉडर्न समय के हिसाब से शूट किया जाएगा। जहां ओरिजिनल गाने को रेलवे स्टेशन और अलग-अलग जगहों पर जाकर शूट किया गया था वहीं इस रीमेक गाने को पब में शूट किया जाएगा और ये एक पार्टी नंबर होगा। इस गाने में बादशाह ही रैप करेंगे।

रणवीर सिंह ने रिलीज किया 'पाठशाला' सॉन्ग

अभिनेता रणवीर सिंह ने अपने म्यूजिक लेबल इंकलिंक के दूसरे गाने को लॉन्च किया है। पाठशाला, यह गाना भारत के शिक्षा प्रणाली के बारे में प्रासंगिक सवाल उठाता है। रणवीर ने नवजार ईरानी के साथ मिलकर इस लेबल को लॉन्च किया है जिसमें काम भारी (कुणाल पंडागले), स्लो चीता चैतन्य शर्मा और स्पिटफायर रैपर नितिन मिश्रा जैसे रैपर और हिप-हॉप कलाकार शामिल हैं। पाठशाला स्पिटफायर रैपर (नितिन मिश्रा) के डेब्यू को चिन्हित करती है। नितिन इस वीडियो में गाते और एक्टिंग करते नजर आएंगे। यह गाना उनकी ही जिंदगी की कहानी है कि किस तरह से उन्हें रूढ़ियों को तोड़कर अपनी वास्तविक्त पहचान को जानने की शक्ति मिली। रणवीर ने एक बयान में कहा कि हमारे समाज में शिक्षा का स्तरीकरण कुछ बेहद ही कठोर विधियों के माध्यम से किया गया है और किसी व्यक्ति के गुणों को इन्हीं के आधार पर आंका जाता है, जिससे हम असहमत हैं।



खानदानी शफाखाना का रिलीज हुआ कोका

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा को अपनी फिल्म खानदानी शफाखाना के लिए कोका गाने की शूटिंग करने में बहुत मजा आया। सोनाक्षी का कहना है कि उन्हें दमदार और जोशीले गानों पर नाचना बेहद पसंद है। जसबीर जस्सी के कोका के रिक्रिएटेड वर्जन में सोनाक्षी, बादशाह, प्रियांशु जोरा और वरुण शर्मा संग डांस करतीं नजर आएंगी। सोनाक्षी ने एक बयान में कहा कि इस तरह के हाई एनर्जी और जीवंत गानों पर नाचना मुझे हमेशा से ही पसंद है। जस्सी और बादशाह के सहयोग का परिणाम है यह उत्कृष्ट गाना। मुझे इस बात की खुशी है सभी के देखने के लिए कोका अन्ततः जारी हो गया है। इस गीत को तनिष्क बागची ने दोबारा कम्पोज किया है। ध्वनि भानुशाली ने इसे अपनी आवाज दी है और मेलो डी और तनिष्क ने इसे लिखा है।

जिमी और माही की जोड़ी दोबारा दिखाएगी कमाल

साहेब बीवी और गैंगस्टर के बाद इसी तरह की एक दूसरी फिल्म फैमिली ऑफ ठाकुरगंज के साथ जिमी शेरगिल और माही गिल फिर से अपने एक्शन अवतार से दर्शकों को चौंकाने के लिए बिल्कुल तैयार हैं। इस फिल्म के दो मिनट लंबे ट्रेलर को लॉन्च किया गया। ट्रेलर की शुरुआत में जिमी फोन पर किसी को धमकी देते नजर आते हैं। अभिनेता सौरभ शुक्ला को फिल्म के ट्रेलर में तलवार के रूप में पेश किया गया है, जबकि माही को दमदार कहा गया। फिल्म के दमदार संवादों और माही के लुक को देखकर यही लगता है कि फैमिली ऑफ ठाकुरगंज की कहानी भी कुछ हद तक साहेब बीवी और गैंगस्टर के जैसे ही होगी। ट्रेलर में सुप्रिया पिलगांवकर और नंदीश संधु भी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आ रहे हैं। अजय सिंह राजपूत द्वारा निर्मित यह फिल्म उत्तर भारत के एक छोटे से शहर पर आधारित है और पारिवारिक और सांस्कृतिक मूल्यों और नए विचारों के ईद-गिर्द घूमती है। फिल्म के बारे में बात करते हुए राजपूत ने पहले बताया था कि इस फिल्म के बारे में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस फिल्म के लेखक दिलीप शुक्ला हैं जिन्होंने दामिनी, अंदाज अपना अपना, दबंग, दबंग 2 और कई और ब्लॉकबस्टर फिल्मों की कहानियां लिखी हैं।